प्रादेशिक समाचार
04.11.2024 (दोपहर—1455 बजे)

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में गढ़वा से चुनावी अभियान की शुरुआत की। चेतना मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की और कहा कि झारखं डमें एक बार फिर भाजपा—एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनानी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में बेहतर सुविधाओं के लिए, किसानों और उद्योगों को बल देने के लिए केन्द्र सरकार हर कोशिश कर रही है लेकिन जेएमएम सरकार ने विकास के हर काम में रोड़े अटकाने की कोशिश की है ।

*********************

श्री मोदी अब से थोड़ी देर बाद चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे।

*********************

इधर, झामुमो की स्टार प्रचारक और रांची से पार्टी की प्रत्याशी महुआ माजी ने दावा किया है कि इस बार भी राज्य में हेमंत सोरेन की अगुवाई में सरकार बनेगी।

*********************

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन ने भी प्रचार तेज कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज चाईबासा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में चुनावी सभाएं करेंगे। गढ़वा जिले में इंडिया गठबंधन की ओर से जिले के भंडरिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की और चिनिया और मेराल में कल्पना सोरेन की जनसभा होगी।

*********************

विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक और सिद्धू—कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये हैं। देवघर में भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि भाजपा के कार्यों से प्रभावित होकर श्री मुर्मू पार्टी में शामिल हुए हैं।
इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि तोड फोड़ की राजनीति भाजपा की परंपरा रही है।

*********************

राज्य में अलग—अलग दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सरायकेला—खरसावां जिले के सरायकेला—राजनगर मार्ग पर दो वाहनों के बीच जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। उधर धनबाद में एक वाहन ने एक ही परिवार के तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

*****समाप्त***********